# गोपाल मैदान में बंग उत्सव 28 को

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आगामी 28 जनवरी को बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में भाषा, साहित्य एवं ठेठ बंगाली खान-पान का भव्य बंग उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमे समाज हित मे चिंतन, अपने हक अधिकार पर चर्चा के अलावा भविष्य की योजनाओं पर मंथन होगा। वास्तव में यह आयोजन ग्रामीण और शहरी बंगभाषियों का मिलन समारोह भी साबित होगा। कोल्हान भर से बंग उत्सव में बंगभाषी भाग लेने के लिए आयेंगे। उक्त जानकारी समिति के बंग उत्सव कोल्हान केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता, बंगाल क्लब के सेक्रेटरी देवाशीष नाहा, एवं बंग बंधु की केंद्रीय उपाध्यक्ष अपर्णा गुहा ने आज साकची बंगाल क्लब में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में दी। अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता ने बताया कि इस बार बीते वर्ष की तुलना में तीन गुना अधिक ग्रामीण बंग भाषी उत्सव में शिरकत करेंगे क्योंकि पटमदा, बोड़ाम, घाटशिला, चाकुलिया, पोटका, चाईबासा, चक्रधरपुर, गम्हरिया, सीनी, चांडिल, गोविंदपुर, खाखड़ीपाड़ा, खैरपाल, कमलपुर आदि क्षेत्रों की कमेटियां काफी मेहनत कर रही हैं। इन सभी क्षेत्रों के सांस्कृतिक दलों को प्रस्तुति देने के लिए मंच उपलब्ध कराया जायेगा। वास्तव में बंगला भाषा को लेकर शहरी बंगालियों की तुलना में ग्रामीण बंगाली ज्यादा सक्रिय और संवेदनशील हैं। इसका शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे समिति के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा होगा। उन्होंने बताया कि दिनभर चलनेवाले उक्त आयोजन में बंग समुदाय के उत्थान, अधिकार, साहित्य सहित सांस्कृतिक आयोजन होंगे। कई संस्था द्वारा प्रदर्शनी व खान पान के स्टाल भी लगाए जाएंगे। उद्घाटन के बाद आमंत्रित अतिथियों (सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी आदि) का सत्कार होगा। उन अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन तथा प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया जाएगा। तत्पश्चात कला, संस्कृति, भाषा, परंपरा आदि को लेकर चर्चा तथा आगामी वर्ष किये जानेवाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान शहर के आसपास से आनेवाले ग्रुप नृत्य, गीत व संगीत की प्रस्तुति देंगे। वहां मौजूद लोग डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी आनद उठा सकेंगे। अचिंतम दा ने आगे बताया कि दोपहर बाद झारखंड के लोक कलाकार बादल पाल के गीतों का आनंद बंगभाषी ले सकेंगे, जबकि शाम को कोलकाता से आ रही अनुष्का पात्र व राहुल सिन्हा जैसे नामचीन कलाकारों के साथ लोग झूमेंगे। पत्रकार सम्मेलन में राजेश रॉय,तापस चाटर्जी और प्रणब सरकार आदि भी मौजूद थे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अचिंतम गुप्ता।

## स्पीड न्यूज

### जननायक नेता कर्पूरी ठाकुर को याद किया

**जमशेदपुर।** बिहार के जननायक नेता श्री कपूरी ठाकुर जी की एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन टेल्को में झारखंड ओबीसी एकता महासभा के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद जी की अध्यक्षता में हुई । उपस्थित सभी सदस्यों ने फूलमाला अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दिया गया। इस मौके पर श्री रामाश्रय प्रसाद जी ने बताया जननायक कपूरी ठाकुर जी से उनका संबंध उनके विधायक के समय से ही लगातार बना रहा ।

### पूर्वी सिंहभूम में महिला मतदाता की संख्या मे हुई वृद्धि

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला का मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। नए मतदाता सूची के अनुसार पूर्वी सिंहभूम जिला मे कुल मतदाता की संख्या 18,30866 हो गई है जिसमे पुरूष मतदाता 918616 और महिला मतदाता 912122 है। इसबार,मतदाताओं की कुल संख्या 9296 बढी है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने आज पत्रकारों को दी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन रिपोर्ट जारी करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा मतदाता पोटका विधानसभा मे जुड़े है। इनकी संख्या 4389 है जबकि जमशेदपुर (पूर्वी) विधानसभा से 276 मतदाताओ की संख्या मे कमी आई है।

### वर्कर्स यूनियन चुनाव : नामांकन शुल्क में चुनाव समिति ने किया इजाफा

**जमशेदपुर।** आज बुधवार को टाटा वर्कर्स यूनियन चुनाव 2024 कार्यक्रम के अनुसार वोटर लिस्ट पर दावा/आपत्ति का समय था जिसमे कुल 81आवेदन चुनाव समिति को प्राप्त हुआ । इसमें ज्यादातर आवेदन निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता का नाम जोड़ने अथवा घटाने के संबंध में था । कुछ ऐसा भी आवेदन आया जिसमे निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता सूची में फेर बदल नहीं करने का अनुरोध आया। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज ही दिनांक 24/1/2024 को संध्या 8 बजे करना है, जोकि तकनीकी असुविधा के कारण रात तक कर दिया जायेगा। टाटा वर्कर्स यूनियन की चुनाव संचालन समिति ने प्रत्याशियों के नामांकन पत्र हेतु नामांकन शुल्क भी किया गया जो इस प्रकार है ।

### फोटोग्राफर सोसायटी ने ओल्ड एज होम में की सेवा

**जमशेदपुर।** फोटोग्राफर सोसायटी ऑफ झारखंड की ओर से गणतंत्र दिवस से पूर्व ओल्ड एज होम न्यू बाराद्वारी आशीर्वाद ओल्ड एज होम मे रह रहे बुजुर्गों को दोपहर का भोजन सोसाइटी द्वारा करवाया गया। साथ ही भारतीय तिरंगा भी उन्हें दिया गयी ,खुशी के साथ भारत के 75गणतंत्र दिवस को मनाने की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में फोटोग्राफर सोसायटी की ओर से शामिल सदस्य सुमंत कुमार शर्मा ,तपन घोष , विजय सिंह, मनोज दोषी आदि शामिल थे।

### भाजयुमो आज करेगी नव मतदाता सम्मेलन

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी पहली बार वोटर बने युवाओं से संवाद के जरिये पार्टी से जोड़ने के निमित्त अभियान चला रही है। लोकसभा चुनाव से पहले भाजयुमो झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार 25 जनवरी को भाजयुमो जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में 'नमो नव मतदाता सम्मेलन' के माध्यम से युवाओं से संपर्क साधेगी। मोर्चा 25 जनवरी को जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा में नवमतदाताओं का सम्मेलन करेगा।

## आईडीटीआर जमशेदपुर में प्रशिक्षण प्रारंभ

# प्रथम चरण में टोकरी निर्माण एवं कारपेंटर का प्रशिक्षण प्रारंभ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/ गम्हरिया।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आईडीटीआर जमशेदपुर में 2 जॉब रोल का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। सरायकेला जिला ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में आईडीटीआर पहला संस्थान है जिसमें टोकरी निर्माण एवं कारपेंटर का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है जिसके तहत आज पहले दिन दोनों जॉब रोल में चयनित प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस संदर्भ में आईडीटीआर के महाप्रबंधक आनंद दयाल ने बताया कि एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश पर कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस योजना में कुल 18 प्रकार के पारंपरिक काम शामिल किए गए हैं जिसमें से दो का प्रशिक्षण आईडीटीआर में प्रारंभ किया गया है। शीघ्र ही अन्य का प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया जाएगा। श्री दयाल ने बताया कि इस योजना के तहत 4 साल की अवधि के लिए 3 लाख रू. तक का कोलैटरल-फ्री लोन 5 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज की दर पर देने का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर प्रशिक्षण की संयोजिका प्रियंका ने बताया कि इस योजना के तहत बेसिक और एडवांस प्रशिक्षण प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि एमएसडीई की 5-7 दिन की बेसिक प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद ही कस्टमर इस योजना के लाभ के तहत पहले चरण में 1 लाख रूपए का लोन प्राप्त कर सकते हैं।

## गोपाल मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह कल सुबह 9.05 बजे से

# बन्ना गुप्ता होंगे मुख्य अतिथि

### डीसी और एएसएसपी ने परेड पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में आयोजित होगा। इस अवसर पर मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवम परिवार कल्याण तथा आपदा प्रबंधन विभाग बन्ना गुप्ता झंडोतोलन करेंगे। जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को जिला प्रशासन द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) किशोर कौशल द्वारा किया गया ।परेड में 1 प्लाटून जैप-6, 3 प्लाटून जिला पुलिस बल (सहायक पुलिस सहित), 1 प्लाटून जिला गृह रक्षक तथा 2 प्लाटून एन.सी.सी (महिला/ पुरूष) के अलावा स्काउट एंड गाइड के प्लाटून ने हिस्सा लिया । गणतंत्र दिवस की तैयारियों के तहत परेड का पूर्वाभ्यास दिनांक- 20.01.2024 से चल रहा था, जिसके तहत आज दिनांक 24.01.2024 को अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया । डीसी द्वारा जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थल की अन्य तैयारियों का भी जायजा लिया गया । विधि व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, एंबुलेंस, अग्निशामक आदि को लेकर संबन्धित विभागीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया । उन्होने कहा कि गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह भव्यता से मनाया जाएगा । सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों में झंडोतोलन होगा । मौके पर सिटी एसपी श्री मुकेश लुणायत, रूरल एसपी श्री ऋषभ गर्ग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


परेड का निरीक्षण करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री और एसएसपी ।

## खबर एक नजर में

### एडीआरएम ने टाटानगर स्टेशन का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के एडीआरएम विनय कुजूर ने बुधवार सुबह टाटानगर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सीनियर डीएसओ सेफ्टी ऑफिसर राजेश कुमार, एआरएम अभिषेक सिंघल, स्टेशन निदेशक रघुवंश कुमार समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे। एडीआरएम ने एआरटी ट्रेन, क्रु एंड गार्ड लॉबी, रेलवे ट्रेक, प्लेट फार्म, यात्री प्रतिक्षालय सहित अन्य कार्यालयों का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ स्टेशन निदेशक कार्यालय के सभागार में बैठक कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाद में उन्होंने अधिकारियों के साथ बरकाकाना एडीआएम कार्यालय के सभागार में बैठक कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीआरएम ने बताया कि यह निरीक्षण प्रत्येक तीन से छह माह में एक बार किया जाता है। इसकी रिपोर्ट डीआरएम और जीएम को भेजी जाती है।

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने सबर बस्ती में किया कंबल वितरण

**जमशेदपुर।** गत मंगलवार को मिथिला सांस्कृतिक परिषद , जमशेदपुर के द्वारा लूपूँगडीह विद्यालय ( सबर बस्ती ) के आदिम जनजाति सबर परिवार के 27 सदस्यों, भूमिज जनजाति परिवार के 28,संथाल जनजाति परिवार 3 और लोहार परिवार 4 सदस्यों, और महतो परिवार के 2 सदस्यों में कम्बल वितरण का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को संस्था के द्वारा कम्बल उपलब्ध कराया गया । विगत कुछ समय से शहर में कड़ाके की ठंड पड रही है । इसी को ध्यान में रखते हुए परिषद द्वारा अलग अलग जगहों पर कम्बल वितरण का आयोजन रखा गया है । संस्था के द्वारा कम्बल वितरण का कार्यक्रम सहयोगकर्ता श्री मोहन ठाकुर ( मानगो ) श्री अमर कुमार झा ( सोनारी ) श्री रंजीत झा ( बागबेड़ा ) श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता के सहयोग से सम्भव हो सका है । परिषद अपने सहयोगकर्ता को इस पुनीत सामाजिक कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है । कम्बल वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष श्री शिशिर कुमार झा , श्री सुजीत कुमार झा ,श्री पंकज रॉय ,श्री शिव चन्द्र झा ,गोपालजी चौधरी , श्री राजेन्द्र कर्ण , श्री चन्द्रभाल झा सहित संपूर्ण कार्यकारिणी का योगदान रहा ।

### नारायण आइटीआई में याद किए गए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर

**नीमडीह/ जमशेदपुर।** आज नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर जी की जयंती मनाई गई एवं उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया इस अवसर संस्थान का संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री थेलोकप्रियता के कारण उन्हें 'जननायक' कहा जाता है। 23 जनवरी 2024 को भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरान्त भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है। कपूर्री ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गांव पितौंझिया, जिसे अब कपूर्रीग्राम कहा जाता है, में नाई जाति में हुआ था।उनके पिताजी का नाम श्री गोकुल ठाकुर तथा माता जी का नाम श्रीमती रामदुलारी देवी था। इनके पिता गांव के सीमान्त किसान थे तथा अपने पारंपरिक पेशा बाल काटने का काम करते थे। उन्होंने 1940 में मैट्रिक की परीक्षा पटना विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में पास की। 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन छिड़ गया तो उसमें कूद पड़े। परिणामस्वरूप 26 महीने तक भागलपुर के कैंप जेल में जेल-यातना भुगतने के उपरांत 1945 में रिहा हुए। 1948 में आचार्य नरेन्द्रदेव एवं जयप्रकाश नारायण के समाजवादी दल में प्रादेशिक मंत्री बने। बाद में वे बिहार के दो बार मुख्यमंत्री भी बने। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति-पथ पर लाने और विकास को गति देने में उनके अपूर्व योगदान को सदैव स्मरण किया ।

## शिक्षा की ही तरह हमारे जीवन में खेल महत्वपूर्ण : शहनवाज आलम

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी में बुधवार को खेल महोत्सव 'रणभूमि' की शुरूआत हुई. इसके उदघाटन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के शहनवाज आलम, विशिष्ट अतिथि टाटा स्टील से कैप्टन अमिताभ और बीके सिंह उपस्थित थे। अतिथियों ने बैलून उड़ा कर कार्यक्रम का उदघाटन किया. यूनिवर्सिटी मैंजमेंट बोर्ड के चेयरमैन प्रोफेसर (डॉ) एस एस रजी ने शहनवाज आलम को शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। वहीं डीएसडबल्यू प्रोफेसर अंगद तिवारी ने कैप्टन अमिताभ डॉ रूपा सरकार ने बीके सिंह को शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि शहनवाज आलम ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि जैसे जीवन में शिक्षा की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार खेल भी हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## कर्पूरी ठाकुर की इमानदारी व सादगी का समावेश करना जरुरी : सरयू राय

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने यहां एक बयान जारी कर कहा है कि श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अगले दिन आदरणीय जननायक स्व॰ कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न का सम्मान देना तभी सार्थक होगा जब राजनीति में प्रभु श्रीराम की मयार्दा और जननायक कपूर्री ठाकुर की ईमानदारी, सादगी, कर्मठता और संघर्ष की धारा को बल मिले, भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज बुलंद हो और नियम, कानून, संविधान की सीमा, मयार्दा का महत्व स्थापित हो। उन्होंने कहा है कि राजनीति को माध्यम बनाकर पद पाने और पद के प्रभाव को भ्रष्टाचार यानी अवैध गतिविधियों से धन अर्जित करने का माध्यम बनाने की प्रवृति शासन - प्रशासन में कोढ़ की तरह घर करते जा रही है।

# 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में समाहरणालय परिसर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने कहा कि बाल लिंगानुपात में सुधार तथा बालिकाओं के प्रति लोगों की मानसिकता परिवर्तन करने हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है । भारतीय समाज में पुत्र के प्रति वरियता और बेटियों के प्रति भेदभाव की समस्या पर अंकुश लगाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। दहेज के सामाजिक मानक, पितृसत्तामक आदि नकारात्मक सोच को बदलने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का जागरूकता रथ जिले के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों में भ्रमण करेगा।

यह अभियान बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने एवं बेटियों को बचाने, बेटियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने में सेतु का कार्य करेगा। बालिकाओं को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए इनके प्रावधानों की जानकारी भी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचेगी । इस अवसर पर समाहरणालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बालिकाओं के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया तथा उप विकास आयुक्त द्वारा सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी गई । उन्होने अपने संबोधन में बालिकाओं से अपील किया कि बाल विवाह रोकथाम को लेकर मुखर आवाज बनें, अपने आसपास किसी के बाल विवाह की जानकारी मिले तो विद्यालय के शिक्षक के माध्यम से नजदीकी थाना को सूचित करें ।

# वार्षिक सम्मेलन में 2,000 सहियाओं को सम्मानित किया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा/जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में वार्षिक सहिया सम्मेलन शुरू हुआ। 24 जनवरी, 2024 को आयोजित इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पिल्लई हॉल में 2000 सहिया एकत्रित हुईं। इस कार्यक्रम में 15 सहियाओं को तीन जिलों में स्वास्थ्य सेवा में उनके असाधारण प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। आगामी दो महीनों के दौरान, तीन जिलों, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां की 6000 से अधिक सहिया अगले दो महीनों में निर्धारित सहिया सम्मेलन में शामिल होंगी। इस अवसर पर चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, उनके साथ जिले के सिविल सर्जन डॉ. शाहिर पाल और मेहरबाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, जमशेदपुर के अस्पताल प्रशासक डॉ. अमिताभ चटर्जी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में रितेश कुमार, अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन से अनुपम सरकार और टाटा स्टील फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रबंधन से डॉ अनुज भटनागर और अनिल उरांव की उपस्थिति भी देखी गई। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ, सौरभ रॉय ने कहा, सहियाएं झारखंड के तीन जिलों में मानसी+ को लागू करने के प्रभावशाली दशक का एक अभिन्न अंग रही हैं, जिन्होंने अब संतृप्ति स्तर हासिल कर लिया है। जिसका उद्देश्य आखिरी व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। ये सहिया अन्य फ्रंटलाइन हेल्थकेयर चिकित्सकों के अपने नेटवर्क के साथ एनएमआर और एमएमआर को कम करने में बहुत योगदान दिया है। पिछले वर्ष मानसी ने विभिन्न नवाचार देखे हैं, उनमें से एक, तीन जिलों में तीन प्रसूति प्रतीक्षालय हैं, जो सहियाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और समाज के अंतिम व्यक्ति के बीच अंतर को पाटने में मदद करेंगे। सहिया सम्मेलन हर साल पूरे देश में आयोजित किए जाते हैं, और हम इस अवसर का हिस्सा बनने के लिए भाग्यशाली रहे हैं, जहां हमें व्यक्तिगत रूप से सहियाओं को धन्यवाद देने और उनके साल भर के प्रयासों को स्वीकार करने का मौका मिलता है। इस कार्यक्रम में मानसी के जिला समन्वयक बेस ब्यूयूर्ली के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर एक संवाद आयोजित किया गया।



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड हृदय चिकित्सा योजना
अन्तर्गत रिम्स, राँची में शिविर आयोजन संबंधी सूचना

हृदय रोग की
निःशुल्क जाँच
निःशुल्क हार्ट ऑपरेशन



PRNO 316546 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 23-24

इसमें हृदय (हार्ट) की जन्मजात समस्या ASD, VSD, PDA हृदय में छेद की समस्या एवं बाईपास की समस्या से ग्रसित मरीज इस शिविर (कैम्प) का लाभ ले सकेंगे।

श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल (राजकोट तथा अहमदाबाद) के सहयोग से आयोजित शिविर में 3 माह से 18 वर्ष की आयु के बच्चों तथा 18 वर्ष से 65 वर्ष तक के वयस्कों के लिए निःशुल्क जाँच एवं उपचार की व्यवस्था है।

शिविर का लाभ उठाने के लिए अपने जिले के सिविल सर्जन से संपर्क करें या हेल्थ हेल्पलाईन नंबर- 104 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें।

दिनांक: 27-28 जनवरी 2024
समय: सुबह 10.00 से शाम 5.00 बजे तक
स्थान: राजेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, बरियातु, राँची, झारखण्ड

स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड सरकार
एवं
श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल (राजकोट तथा अहमदाबाद) द्वारा आयोजित

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाने हेतु निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें
आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

स्पीड न्यूज

## जननायक कर्पूरी ठाकुर ने समाजवाद को आगे बढ़ाने का रास्ता दिखाया : सुभाष



**कोडरमा।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जयंती पर राजद ने शताब्दी समारोह का आयोजन किया। झुमरीतिलैया के विशुनपुर रोड स्थित चतरा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के आवास में शताब्दी समारोह सह जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व जननायक कर्पूरी ठाकुर की तस्वीर पर राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावे अतिथियों ने पुष्पांजलि व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अयक्षता राजद जिलायक्ष सह जिप अध्यक्ष रामान यादव ने किया। वहीं मुख्य अतिथि सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर देश को समाजवाद को आगे बढ़ाने का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि राजद हमेशा से उन्हें भारत रत्न देने की मांग करती रही है, बिहार सरकार ने भारत रत्न से नवाज़े जाने को लेकर प्रस्ताव भेजा था। महामहिम राष्ट्रपति ने शताब्दी जयंती पर भारत रत्न दिया है, इसके लिए राजद परिवार महामहिम का आभार व्यक्त करती है। वहीं उन्होंने कहा कि गरीबों की आवाज कभी भी कमजोर नही होगी। क्योंकि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने स्व कर्पूरी ठाकुर के विचारारा को आत्मसात कर सामाजिक न्याय का नारा केवल बुलन्द नही किया, बल्कि सामाजिक न्याय को अमल में लाया। उन्होंने सामाजिक न्याय और समाजवाद की आवाज़ को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं जिप अयक्ष रामान यादव ने कहा कि राजद हमेशा से कमजोर तबकों की आवाज़ उठाई है। समाज को तोड़ना आसान है, लेकिन सभी जाति–र्मो को जोड़े रखना, परंपरा का निर्वहन करना काफी मुश्किल है। राजद स्व कर्पूरी ठाकुर के विचारों का सम्मान के साथ ारातल पर उतार रही है। मौके पर महादेव राम, संदीप कुमार, तुलसी राणा, प्रदीप यादव, उपेंद्र यादव, रघुनाथ दास, विजय यादव, महेंद्र यादव, रामबचन यादव, अनिरुद्ध प्रसाद, महेश यादव, सदानंद सिंह, मनोज यादव, परवेज खान, मो नसीम, अमरजीत कौर, शबनम खातून, गीता देवी, शंकर यादव, बिनोद यादव, संजय दास, चन्देश्वर शर्मा, अमित कुमार, सतेंद्र प्रसाद समेत सैंकडों लोग मौजूद थे।

## अयोध्या रामलला मंदिर प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होकर लौटे महामंडलेश्वर



**कोडरमा।** अयोध्या रामलला मंदिर प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होकर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सुखदेव दास जी महाराज के लौटने के बाद कोडरमा जिला वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान हनुमान मंदिर से ढोल बाजा, डीजे के ुन पर झूमते हुए स्थानीय लोगों के द्वार शोभायात्रा निकालकर वजाारी ाम तक पहुंचे। शोभायात्रा के दौरान जय श्री राम, हर हर महादेव, वजाारी बाबा की जयघोष के साथ पूरा शहर गुंजायमान रहा। वहीं महामंडलेश्वर ने कहा कि रामलला पांच सौ वर्षो के बाद वनवास से वापस आए हैं, हम खुशनसीब हैं कि श्री रामलला के प्राणप्रतिष्ठा को देख पाये। मौके पर मनोज कुमार झुन्नु, जमुना यादव, अरुण कुमार सिन्हा, शंकर सिंह, सुरेश राणा, राजकुमार साव, अशोक यादव, संतोष यादव, सूरज यादव, चंदन राज, प्रेम साव, ारज तिवारी, र्मेंद्र यादव, अनिल पासवान, शिवनाथ यादव, मुन्ना राम, गजेंद्र राम, प्रवीण चंद्रा, सत्यम पांडेय, सुार पांडेय, सहदेव पांडेय, राजेश पांडेय,सत्येंद्र सिंह, शिवनाथ यादव, मनीष कुमार ,शिवम सिंह, चंदन कुमार, रामचंद्र यादव व सैकड़ों संख्या में रामभक्त मौजूद थे।

## धनबाद सिटी एसपी के पिता का निधन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार सिंह के पिता का निान मंगलवार की देर रात देवीपुर खेशमी पैतृक आवास पर हो गया। निधन की सूचना मिलते ही कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया बेदु साव एसपी आवास पर पहुंच कर शोक जताया। बताते चलें कि नवलशाही थाना क्षेत्र के रहने वाले अजीत कुमार सिंह वर्तमान में धनबाद सिटी जिला में एसपी के पद पर तैनात हैं। उनके पिता समाजसेवी राम मूर्ति प्रसाद सिंह की उम्र लगभग 85 वर्ष थी और उनकी तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी, स्व.राम मूर्ति प्रसाद सिंह देवीपुर पंचायत के सरपंच रह चुके थे। वहीं गुरुवार को श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप, एसआई कुमार शिवम, पुर्व मुखिया राजीव पांडेय, चंदन पांडेय, विजय यादव, पवन सिंह समेत दर्जनों समाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रखंड मुख्यालय में 26 जनवरी को झंडोतोलन की समयसारिणी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यायलय में 26 जनवरी को झंडोतोलन को लेकर समयसारिणी तय की गयी। जिसमें प्रखंड मुख्यायलय में पूर्वाह्न 8:30 बजे, उत्तरी पंचायत भवन मरकच्चो में पूर्वाह्न 8:40, प्रखंड पशुपालन कार्यालय में पूर्वाह्न 8:50, बीआरसी भवन मरकच्चो में पूर्वाह्न 9:00, मरकच्चो थाना में पूर्वाह्न 9: 15, सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय मरकच्चो में पूर्वाह्न 9:25, पीएचईडी कार्यालय में पूर्वाह्न 9:30, कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो में पूर्वाह्न 9:35, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में पूर्वाह्न 9:45, सीएचसी में पूर्वाह्न 10:15 बजे झंडोतोलन की जायेगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ दो दिवसीय पुस्तक मेला

# बेहतर कैरियर में मील का पत्थर साबित होगा पुस्तक मेला : मेघा भारद्वाज

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**उमा शंकर**

**कोडरमा।** जिला प्रशासन द्वारा कोडरमा प्रखंड मैदान में आयोजित दो दिवसीय पुस्तक मेला बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। पुस्तक मेले के दूसरे दिन भी जिले के विभिन्न स्कूलों से छात्र छात्राओं और युवाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और मेले का लाभ उठाया। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि पुस्तक मेले में उम्मीद से ज्यादा लोगों की भागीदारी देखी गयी, जो यह साबित करता है कि टेक्नोलॉजी के इस युग में भी जिले में पुस्तक प्रेमियों की कमी नही है, उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए काफी सुखद है। उपायुक्त ने कहा कि चारित्रिक निर्माण से लेकर सर्वांगीण विकास तक हमारे जीवन में पुस्तकों का अनमोल स्थान है, मेले में आयोजित छोटे छोटे इवेंट से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है तो युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बंधित पुस्तकों के प्रति आकर्षण देखा गया, उम्मीद करते हैं कि यह मेला जिले के छात्र-छात्राओं और युवाओं के बेहतर कैरियर निर्माण में मिल का पत्थर साबित होगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उपायुक्त ने सम्मानित किया। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, डीईओ नयन कुमार, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, सीओ केके सिंह, एपीआरओ अविनाश सिंह, रंजीत सिंह समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। दो दिवसीय पुस्तक मेला के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं वाद विवाद, पाजल, इमेज देखकर कहानी लेखन, क्विज आदि के सफल प्रतिभागियों के अलावे सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों, वोलेंटियर्स को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं कवि सम्मेलन के शामिल लोगों को शॉल देकर सम्मानित किया।

**पुस्तक मेला में कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन :** दो दिवसीय पुस्तक मेले में कैरियर काउंसिलिंग के आयोजन किया गया, जिसमे एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, एसडीओ रिया सिंह, बीडीओ सुमन गुप्ता, खोरठा लेखक डॉ. बीएन ओहदार, रेलवे से शालिनी सिन्हा, बैंक ऑफ महाराष्ट्र से रोशन कुमार सिंह के द्वारा छात्र छात्राओं और युवाओं को यूपीएससी, जेपीएससी, जेएसएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे की तैयारी को लेकर विस्तृत जानकारी दी गयी।

## दो टेम्पो में लदा लगभग 15 क्विंटल अवैध ढिबरा जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस आीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आाार पर डोमचांच थाना क्षेत्र से दो टेम्पो में लदा लगभग 15 क्विंटल अवै ढिबरा (माईका) को जप्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त वाहन को परिवहन कर डोमचांच ब्लॉक रोड के रास्ते तिलैया ले जाया जा रहा था। एसपी ने प्रेस व्यान जारी कर बताया कि उपर्युक्त मामले के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुअनि.पंचम तिग्गा थाना प्रभारी डोमचांच के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 जनवरी की सुबह करीब 11:45 बजे डोमचांच ब्लॉक रोड के पास से अवै ढिबरा लदे दो टेम्पो को जब्त कर एक टेम्पो के चालक 24 वर्षीय मो. अयुब हुसैन पिता उस्मान मियां ग्राम सिमरातरी सवैयाटांड़ रजौली बिहार को गिरफ्तार किया गया। इसमे संलिप्त अन्य की पहचान कर इनकी गिरफ्तारी हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। इस सन्दर्भ में डोमचांच थाना काण्ड सं0-06/2024 के तहत मामला दर्ज कर ली गई है। छापेमारी दल में सअनि. कमल लाल तांती, डोमचांच थाना व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# डीसी और एसपी ने गणतंत्र दिवस की अंतिम तैयारियों का लिया जायजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** गणतंत्र दिवस 2024 के मौके पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में होने वाले झंडोतोलन-राष्ट्रगान एवं परेड निरीक्षण कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने संयुक्त रूप से जायजा लिया। गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का आज पूर्वाभ्यास किया गया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में निरीक्षण यान पर सवार होकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया गया। कुल 9 प्लाटून द्वारा परेड में भाग लिया गया।

इनमें सीआरपीएफ पुरुष, आईआरबी पुरुष, आईआरबी महिला, सशस्त्र बल पुरुष,सशस्त्र बल महिला, गृहरक्षक वाहिनी एनसीसी डीएवी विद्यालय के बच्चे शामिल रहा। परेड निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी साथ हीं राष्ट्र गान किया, राष्ट्रगान में उपस्थित

### झंडोत्तोलन-राष्ट्रगान, परेड निरीक्षण समेत अन्य कार्यक्रमों का हुआ पूर्वाभ्यास

पदाधिकारी, स्कूली बच्चों समेत स्टेडियम में उपस्थित सभी ने भाग लिया। इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर टेंट, मंच, साफ सफाई, स्टेडियम में अतिथियों की एंट्री करने समेत अन्य विषयों को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। विदित हो कि 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के मौके पर माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड सरकार बतौर मुख्य अतिथि मुख्य समारोह स्थल जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, सुरेंद्र उरांव, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, स्थापना उप समाहर्ता,पुलिस विभाग के कई पदाधिकारी, स्कूली शिक्षक, छात्र-छत्राएं समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जन नायक कर्पूरी ठाकुर के मरणोपरान्त भारत रत्न मिला उनके पद चिन्ह अमर हो गया : विधायक

### भारत रत्न जन नायक कपूरी ठाकुर की 100वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड नाई समाज टंडवा केरेडारी इकाई ने भारत रत्न जन नायक कपूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता प्रखंड नाई समाज के अध्यक्ष संजय शर्मा, संचालन रविन्द्र नाथ ठाकुर ने किया। अतिथियों द्वारा समारोह की शुरूआत जन नायक कपूरी ठाकुर के स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि एव दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गाँव पितौंझिया जिसे अब कपूरीग्राम कहा जाता है में नाई जाति में हुआ था। वह 22 दिसंबर 1970 से 2 जून 1971 तथा 24 जून 1977 से 21 अप्रैल 1979 के दौरान दो बार बिहार के मुख्यमंत्री पद पर रहे। 26 जनवरी, 2024 को उन्हें मरणोपरांत भारत सरकार द्वारा भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित किया जायेगा।इस महान



व्यक्तित्त्व के बारे में मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने अपने संबोधन में कहि।उन्होंने नाई जाति के समूह से कहा की शिक्षा वह शेरनि का दूध है जो पीयेगा वह गरजेगा,आधी रोटी खाएंगे फिर भी स्कुल जायेंगे शिक्षा पर जोर देने की जोर देने की बात कहि।उन्होंने कपूरी ठाकुर के राजनीतिक जीवन से प्रेरित होकर टंडवा टाउन हॉल में 10 लाख की मद से कपूरी भवन निर्माण करवा रहे बताया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अक्षयवट पाण्डेय, जेएमएम नेता मनोज चन्द्रा,सांसद प्रतिनिधि ईश्वरदयाल पांडेय, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह, नाई समाज जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, गाड़ीलौंग मुखिया प्रतिनिधि सुभान अंसारी, भाजपा नेता रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व मुखिया राजेन्द्र नायक,समाज सेवी सुभाष दास,नईमुद्दीन अंसारी, रामेश्वर मिस्त्री, राहम पंसस विकास पाण्डेय, ब्राह्मण समाज प्रखण्ड अध्यक्ष उपेन्द्र पांडेय, वक्ताओं नें जन नायक कपूरी ठाकुर पूर्व शिक्षक स्व. आदित्य ठाकुर के जीवन स्मृति पर प्रकाश डाला उन्हें याद किया गया।इस अवसर पर नाई समाज के विभिन्न पंचायत के पदाधिकारियो ने अतिथियो को फूल माला व बुके देकर स्वागत किया गया।समारोह में नाई समाज के लोगो ने 23 जनवरी को जन नायक कपूरी ठाकुर के मरणोपरांत भारत रत्न देने की घोषणा पर पीएम मोदी को आभार प्रकट किया गया। प्रतिभा के धनी सम्पूर्ण समाज को एक समान रूप से विकास करने वाले कपूरी ठाकुर के जीवन आदर्श पर चलने के लिये नाई समाज के लोगो ने प्रतिबद्धता दोहरायी।इस मौके पर सेवा नृवित शिक्षक बासुदेव बसंत, आजसू नेता रंजीत गुप्ता, कॉंग्रेस प्रखंड सचिव गोविंद पांडेय, नाई समाज से अशोक ठाकुर, केदार ठाकुर, रेलवे सेवारत सुरेन्द्र ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, महामंत्री गोविंद ठाकुर, अरविंद ठाकुर पिपरवार,अवध ठाकुर, राजेश ठाकुर, तारा ठाकुर, मनोज उर्फ वासुदेव ठाकुर, निरंजन ठाकुर, दीपक, राहुल, महेंद्र, इंद्र, शशि, गणेश ठाकुर, सुबोध ठाकुर, अशोक ठाकुर, नन्दकिशोर ठाकुर समेत सैकड़ो महिला पुरुष उपस्तिथ थे।

एक नजर में

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में पहुंची दिल्ली की टीम ने लिया जायजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में एक्सट्रमार्क एवं सीसीएल के सौजन्य से अभिभावक संग शिक्षक ने गोष्ठी का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश नोएडा से आए हुए सीनयर मैनेजर विनोद शंकर ने अभिभावक एवं बच्चों का प्रसन्न हुए।और विद्यालय का कार्य अत्यंत बेहतरीन देख यहां के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी का प्रशंसा किया। यह टीम दिल्ली से आए हुई है।अभिभावकों को एवं बच्चों से एक्स्ट्रा मार्क से क्या लाभान्वित हुआ है।तथा इसे किस प्रकार से और आगे बढ़ाया जाए। इस पर गहनता से चर्चा किया गया। सभी अभिभावकों ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में जब से एक्स्ट्रा मार्क लगा है। तब से बच्चे काफी लाभान्वित हो रहे हैं। तथा उनकी अधिगत्म स्तर में काफी सुधार हुआ है। एक्स्ट्रा मार्क द्वारा दिए जा रहे कंटेंन्मेट को बच्चे ध्यान पूर्वक सुनते हैं।तथा देखते हैं।तथा उसमें दिए गए एनीमेशन की सहायता से प्रोजेक्ट तैयार करते हैं। विज्ञान शिक्षक पंकज कुमार राणा ने बताया कि जब से एक्सट्रा स्मार्ट बोर्ड विद्यालय में लगा उन्हें काफी सहायता मिल रहा है। इस संबंध में असेसमेंट मैनेजर बबली राजपूत ने कहा कि बच्चे इस विद्यालय के अत्यंत मेहनती हैं।तो वहीं सोनम पाठक डिप्टी मैनेजर ने बच्चों को खूब सराहा और अभिभावकों से और बेहतरीन मेहनत करने के लिए कहा है। मोके पर उपस्थित शिक्षक दीपेश्वरी यादव विजय दांगी विवेकानंद तिवारी के साथ अभिभावक प्रतिमा देवी गायत्री देवी नीतू देवी गुड़िया देवी मीना देवी सरिता देवी एवं दर्जनों महिला पुरुष अभिभावक उपस्थित थे।

## चेन चोरी करते तीन महिलाओं को ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत महावीर पिंडा यज्ञशाला परिसर में सोने का चैन चोरी करते हुए तीन महिलाओं को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस महिलाओं से पूछ-ताछ कर रही है। विदित हो कि मंगलवार की सुबह जब महिला यज्ञ में परिक्रमा कर रही थी, तभी यह घटना घटी।

## डीसी ने समाहरणालय परिसर में स्थित कार्यालयों का किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय परिसर में स्थित सामान्य शाखा,विधि शाखा, आपूर्ति कार्यालय, राजस्व शाखा, नजारत शाखा, भू अर्जन कार्यालय, जिला स्थापन शाखा, पत्र प्राप्ति कोषांग, सामाजिक सुरक्षा, जिला सूचना विज्ञान, खनन विभाग समेत अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति पंजी, ऑनलाइन उपस्थिति, कार्यालय में लंबित आवेदन, दस्तावेज का रख रखाव, साफ सफाई समेत अन्य का जायजा लिया। निरीक्षण के समय जिन कार्यालयों में पदाधिकारी व कर्मी अनुपस्थित पाए गए उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहना लापरवाह कार्यशैली को दशार्ता है। वैसे पदाधिकारी, कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी। आगे कहा यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पदाधिकारी व कर्मी कार्यालय में ससमय उपस्थित रह कर आमजनों के समस्याओं का त्वरित निष्पादन करेंगे।

## शिकायतों के निष्पादन व अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय कमिटी की बैठक संपन्न




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु प्रथम अपीलीय कमिटी व जिला स्तरीय कमिटी की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना अन्तर्गत प्रखंड व अनुमंडल अपीलीय कमिटी द्वारा प्रकाशित सूची के विरूद्ध दावा आपत्ति उपरांत प्रखण्डवार कोटिवार लाभुकों की संख्या प्रतिवेदन, पंचायतवार व प्रखण्डवार वरीयता के अनुसार प्राथमिकता सूची प्रतिवेदन का बिंदुवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।अबुआ आवास योजना अन्तर्गत प्रखण्ड एवं अनुमण्डल अपीलीय कमिटी में प्राप्त सभी दावा आपत्ती को जिला अपीलीय कमिटी में प्रखण्डवार समीक्षा करते हुए सभी दावा आपत्ती का निराकरण किया गया । अबुआ आवास योजना अन्तर्गत प्रखण्ड अपीलीय कमिटी द्वारा शेष आवेदकों का सत्यापन पंचायतवार सलेक्ट व रिमूव कर ग्राम सभा प्रतिवेदन अपलोड करते हुए अंतिम सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया।

अबुआ आवास योजना अन्तर्गत पंचायत, प्रखण्ड व अनुमण्डल स्तर से सत्यापित हो चुके सभी योग्य लाभुकों का जिला अपीलीय कमिटी द्वारा प्राथमिकता सूची पर अनुमोदन दिया गया ।उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, कमिटी के संबंधित जन प्रतिनिधि,सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

छापामारी अभियान चलाकर पुलिस ने तीन अफीम तस्कर को किया गिरफ्तार, अफीम का अनुमानित बाजार मूल्य बारह लाख

# विभिन्न जगहों पर अभियान चलाकर अफीम की फसल को किया गया है नष्ट : अंजनी अंजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने सभागार में बुधवार को प्रेस वार्ता किया। वार्ता के दौरान उन्होने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि एक उजला रंग के बोलेरो पर सवार तीन व्यक्ति अफीम की तस्करी के लिए मुरपा से बालूमाथ की तरफ जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एसपी द्वारा अनु.पु.पदा. बालूमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा रामघाट के पास बालूमाथ मैकलुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाकर उजला रंग का बोलेरो रजि. नं. जेएच01बीएल 4903 का जांच किया गया। जांच के कम में बोलेरो के पिछले सीट के नीचे छिपाकर रखा हुआ लगभग 3.700 कि.ग्रा. गीला अफीम (गदा) एवं तीन मोबाईल फोन को जप्त किया गया तथा बोलेरो में सवार तीन तस्कर अमृत यादव पिता स्व. रूपलाल यादव पता सेरेगडा, अखलेश यादव पिता मोहन यादव पता पिण्डारकोम बहेरा टोला, रितेश कुमार यादव पिता स्व. बरका यादव, पता मनसिंघा तीनों थाना बालूमाथ जिला लातेहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।


प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसपी।

बिते दिनों विभिन्न जगहों पर अभियान एसपी ने आगे बताया कि 14 जनवरी को रात्रि में बालूमाथ पुलिस द्वारा वाहन चेंकिग चलाकर झारखण्ड ढाबा के पास लगभग 04 कि0ग्रा0 अफीम के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही मारियातु थाना पुलिस द्वारा 13 जनवरी को इन्दुआ, हेरनहीपा के जंगल में 30 एकड़ एवं 17 जनवरी को बुढ़ी सखुआ एवं बेलबाटीकर में 12 एकड़ तथा हेरहज पुलिस द्वारा 29 दिसंबर को आसवे एवं कच्चा में 30 दिसंबर को कटाग एवं कुरांग में लगे लगभग 10 एकड़ में अफीम के फसल को नष्ट किया गया।

### छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी

अनु.पु.पदा बालूमाथ दिल्लू लोहार, पु.नि. शशिरंजन कुमार, बालूमाथ थाना थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार महतो, पुअनि राहुल कुमार मेहता, पुअनि धिरज कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी


जयंती कार्यक्रम में शामिल बच्चे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम एवं वरिष्ठ आचार्य शशि कुमार सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत गीत कक्षा अष्टम के छात्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संबोधित करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी शिक्षा कटक के रावेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में हुई थी। 1920 ई. में सुभाष चंद्र बोस इंडियन सिविल सर्विस की परीक्षा में शामिल हुए और चौथा स्थान प्राप्त किया. 1921 ईस्वी में इंडियन सिविल सर्विस से त्यागपत्र दे दिया और राष्ट्रीय आंदोलन में कूद पड़े। सुभाष चंद्र बोस कोलकाता में देशबंधु चितरंजन दास से मिले और देश को स्वतंत्र कराने में अपना जीवन को समर्पित किया। देश को आजाद कराने के लिए उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने के लिए तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा को बुलंद किया था। सबसे पहले सुभाष चंद्र बोस जी को नेताजी कह कर अडोल्फ हिटलर ने बुलाया था। नेताजी के नाम ही सुभाष चंद्र बोस को देश नायक भी कहा जाता है। देश नायक की उपाधि सुभाष चंद्र बोस को रवीन्द्रनाथ टैगोर से मिली थी। उसने अपने कार्यों से विश्व समुदाय में अपना उचित स्थान प्राप्त किया था। नेताजी ने सच कहा था इस नश्वर संसार में हर वस्तु नष्ट हो जाती है किंतु विचार, आदर्श और स्वप्न सदा अमर रहते हैं। 1945 ई0 में जापान जाते समय नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का विमान ताईवान में क्रैश हो गया था। जिससे उनकी मृत्यु हो गई थी हालांकि उनका शव नहीं मिला था।

कार्यक्रम का संचालन आचार्य लक्ष्मण राम एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्य शशि कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया.कार्यक्रम में आचार्य नीतीश कुमार आचार्या वीणा दीदी, किरण दीदी, खुशबू कुमारी, बिनीता कुमारी, मधुबाला कुमारी, सपना कुमारी एवं छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### राजद ने मनायी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय में बुधवार को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर राजद प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने जननायक कपूर्री ठाकुर के जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं उन्होने उनके बताए मार्गो पर चलने की अपील की। जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने भी जयंती समारोह को संबोधित कर कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि कपूर्री ठाकुर जी दुरदुर्शी होने के साथ साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे। मौके पर मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, सुशील कुमार, निजाम अंसारी, प्रीतलाल यादव, विजय यादव, उपेंद्र राम, अजीत श्रीवास्तव सहित राजद के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में रोजगार सेवक घायल, रिम्स जाने के दौरान हुई मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर बालू पंचायत अंतर्गत तुंबागड़ा ग्राम के समीप बुधवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में बालूमाथ ब्लॉक में कार्यरत रोजगार सेवक परमजीत सिंह उम्र 30वर्ष पिता आनंदमोहन सिंह लातेहार निवासी घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार परमजीत सिंह बालूमाथ ब्लॉक से वापस अपने घर मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान तुम्बागड़ा ग्राम के समीप आगे चल रहा ट्रेक्टर अचानक मुड़ गया। जिस कारण अनियंत्रित होकर वह ट्रैक्टर से टकरा गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर कर दिया गया। रिम्स जाने के दौरान घायल की मौत हो गई।

### मनिका प्रखंड में राजद ने मनायी कर्पूरी ठाकुर की जयंती



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई रोड स्थित राजद के भावी लोकसभा प्रत्याशी सह समाजसेवी बली प्रसाद यादव के आवास पर दिन बुधवार को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाई गई। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं ने जननायक कपूर्री ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित श्रद्धांजलि दिया। मौके पर राजद लातेहार जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद यादव ने जननायक कपूर्री ठाकुर के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। वहीं प्रखंड अध्यक्ष रामसेवक उरांव ने भी जयंती समारोह को संबोधित कर कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी बली प्रसाद यादव, मनिका विधानसभा के भावी प्रत्याशी रघुपाल सिंह, दामोदर यादव, बलराम यादव, नागेंद्र यादव,योगेंद्र ठाकुर, अनिल विश्वकर्मा, समेत राजद के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मकरा में रविदास जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा मे संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाने को लेकर जितेंद्र कुमार रवि की अध्यक्षता मे बैठक की गई. बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. रविदास जयंती सुचारु रूप से चलाने करने के लिए कमेटी का भी गठन किया गया.जिसमे सर्वसमिति से अध्यक्ष भिखन राम उपाध्यक्ष रामशंकर कुमार रविदास सचिव विशेश्वर कुमार रवि उपसचिव भोला राम कोषाध्यक्ष पंकज कुमार रवि उपकोषाध्यक्ष प्रदीप राम को चयनित किया गया. वही कोषाध्यक्ष पंकज कुमार रवि ने बातया की संत शिरोमणि रविदास जयंती 24 फरवरी दिन शनिवार को मनाई जाएगी हैं जयंती की पूर्व 23 फरवरी दिन शुक्रवार को कलशयत्रा का भी आयोजन किया जायेगा जिसमे कलश यात्रा रविदास जयंती स्थल मकरा ब्रमदेता होते हुए चपरी टोला के काल्हिटाड़ नदी मे पवित्र जल भरकर पुनः जयंती स्थल मे कलश स्थापित की जाएगी।

## उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कारा सुरक्षा के मद्देनजर कारा सुरक्षा समिति की बैठक की


बैठक करते डीसी।

लातेहार। उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कारा सुरक्षा के मद्देनजर कारा में रखे गए कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सी.टी.वी, वाकी- टॉकी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई एवं कारा सुरक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही कारा सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी ली गई एवं निर्देश दिया गया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, कारा अधीक्षक प्रभात कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, विशेष शाखा पुलिस उपाधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पांडेपुरा पंचायत सचिवालय में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेपुरा पंचायत सचिवालय के प्रांगण में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, मुखिया संजय उरांव, उप मुखिया रेखा देवी, पंचायत सेवक साकेत कुमार, रोजगार सेवक प्रिय देवी, करमचंद उरांव सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम के शुरूआत किया। बीडीओ मनोज तिवारी ने कार्यक्रम में संबोधन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रही जन उपयोगी योजनाओं का लाभ उठाये। वहीं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन उपयोगी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल- जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रमाण योजना, नैनो फर्टिलाइजर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।


शपथ दिलाते बीडीओ।

कार्यक्रम के शुरूआत में ही बीडीओ ने सभी को दिलाया शपथ भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। उपस्थित सभी लोगों ने शपथ लिया। कार्यक्रम के दौरान ही हेठबेसरा की सेविका अनुपमा ने बीडीओ मनोज तिवारी के हाथ से अलीशा कुमारी, पूनम देवी के मुंहजुठी एवं ललिता देवी की गोद भराई का रस्म किया गए वहीं कार्यक्रम की शुरूआत में पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर बीपीओ कुंदन कुमार, सनम कुमार, राजेश यादव, शाहरुख अंसारी, शशि यादव, केदार यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## गोनिया व शिबला में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शिविर का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया व शिबला पंचायत सचिवालय में बुधवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दिया गया। गोनिया में कार्यक्रम का अध्यक्षता मुखिया रानो देवी, व शिबला मे मुखिया सुरेश उरांव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे मुखिया उरांव व देवी, जिप सदस रमेश राम, सत्येंद्र कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, संदीप केसरी, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नंद कुमार राम, प्रिंस भारत ग्रामीण वितरक के संचालक मुंशी साव, व बीपीओ केतन गुप्ता ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य राम ने केंद्र के प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा चलाए जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ,प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सहित सभी जन कल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। वहीं मंडल अध्यक्ष सिंह ने कहा कि प्रखण्ड के कमीयों के द्वारा प्रधानमंत्री के सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है। आप सभी योग व्यक्ति इसका लाभ लें बिचौलियों के चक्कर मे ना रहे। सांसद प्रतिनिधि सिंह ने केंद्र सरकार मोदी के नेतृत्व में देश मे हुए सर्वांगीण विकास के बारे में बताते हए कहा कि देश अपने सबसे सर्वांगीण युग में होने एंव प्रधानमंत्री की क्रियाकलापों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़ते कद प्रतिष्ठा के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी ने भी ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ के लिए सिधे कार्यालय में मिलने की बात कहा। इस दौरान प्रिंस भारत गैस एजेंसी के द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गोनिया के चार लाभुक व शिबला के पांच उज्जवला योजना लाभुकों के बीच अतिथियों के हाथों गैस चुल्हा का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनरेगा बीपीओ केतन गुप्ता ने किया। मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी, पंचायत सेवक सेराफिनुस खलखो, सहित काफी संख्या में ग्रामीण व प्रखंड कर्मी मौजूद रहे।


गैस चूल्हा वितरण करते अधिकारी।

## कामता-सेरक की सड़क गड्ढों में हुई तब्दील, चलना हुआ मुश्किल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र के एनएच 99 न्यु 22 के कामता पंचायत के कामता चेकनाका से कामता - सेरक की कालीकरण सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है, कामता से सेरक जाने वाली सड़क पूरी तरह खस्ताहाल हो गई।कालीकरण सड़क की गिट्टी उखड़कर जगह जगह खड्डों में तब्दील हो चुकी है।कामता पंसस अयुब खान ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि गड्ढे में सड़क है कि सड़क में गड्ढे हैं यह पता ही नहीं चलता है, जगह - जगह सड़क में गड्ढे हो जाने से आने जाने वाले लोग अक्सर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। एनएच से जुड़ी इस सड़क से दर्जनों गांवों होलंग, सेरक, एरुद, निंद्रा, पोक्या, चटुआग, कामता, चंदवा बालूमाथ समेत दुसरे ईलाके के ग्रामीण छोटी बड़ी वाहन और पैदल यात्रा करते हैं, इन गांवों के ग्रामीणों का आवागमन के लिए यह मुख्य सड़क है। इस सड़क की हालत यह है की इसमें राहगीरों को चार पहिया वाहनों से चलना तो दूर मोटरसाइकिल से चलने में भी ग्रामीणों को काफी दिक्कतें हो रही हैं, सड़क की स्थिति खराब है इसमें आए दिन ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे हैं। एनएच से कामता - सेरक तक करीब सात आठ किलोमीटर तक सड़क में करीब सौ से अधिक स्थानों गड्ढे बने हुए हैं, वाहन से सेरक - कामता पथ होते हुए चंदवा आने में जहां आधे घंटे लगते थे अब सड़क खास्ताहाल होने के कारण सफर तय करने में घंटों लग रहे हैं।सड़क का टेंडर हुएं पांच माह से अधिक समय हो गया लेकिन काम अबतक चालू नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि सड़क की निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए मंत्री बादल पत्रलेख, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त को ज्ञापन देकर सड़क निर्माण कार्य कराने की मांग कर चुका हूं इसके बाद भी सड़क की निर्माण व दुरूस्तीकरण की शुरूआत अबतक नहीं की गई है।अयुब खान ने उपायुक्त महोदय हिमांशु मोहन से सड़क की निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू करवाने की मांग की है।

## एक नजर में

### बालिका दिवस पर हिंडाल्को ने श्री उग्रतारा विद्यालय में किया कार्यक्रम


कार्यक्रम में मौजूद कंपनी के अधिकारी व विद्यार्थी।

**चंदवा।** बुधवार को श्री उग्रतारा उच्च विद्यालय नगर में हिंडाल्को कॉल माइंस के तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंडाल्को के सीएसआर कर्मी असफाक खान, कुमारी सरिता मुख्य रूप से मौजूद थे। विद्यालय में सभी बच्चियों के बीच बालिका दिवस की महत्ता पर चर्चा की गई। सभी बालिकाओ को सशक्त स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया गया। कर्मी कुमारी सरिता ने कहा कि बालिकाओं को शोषण से बचना है तो बोलना सीखना होगा। कहा कि लड़ने झगड़ने से ज्यादा शालीनता से अपनी बात रखना कहीं ज्यादा प्रभावशाली और असरकारक होती है। एक अकेला आसानी से तोड़ दिया जाता है, संगठन को तोड़ना तो दूर उसे छूना भी आसान नहीं होता। ऐसे में गली मोहल्ले, ग्राम, शहर और राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं और बच्चियों को संगठित होना पड़ेगा। एक सामान्य बालिका और महिला का कर्तव्य है कि वह इस बात की परवाह करे की अड़ोस पड़ौस या मोहल्ले में किसी महिला के साथ हो रही घरेलु हिंसा को छिपने न दे। बालिकाओं के प्रश्नों और मानवीय अधिकार को ले कर आवाज उठाए। हर तबके की बालिका को शिक्षा हासिल करने और आत्मनिर्भर होने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। इसके उपरान्त विद्यालय में बालिकाओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सफलता पाने वाले बालिकाओ को पारितोषिक देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रामरंजन शर्मा, शिक्षक गौतम दुबे, मो नाजिश, रूपा भगत, फौजिया प्रवीण समेत विद्यालय के बालक बालिकाएं मौजूद थे।

### चंदवा में नाई समाज ने धूमधाम से मनायी जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती


कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।

**चंदवा।** राष्ट्रीय नाई महासभा चंदवा के तत्वाधान में बुधवार को प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत भुषाढ़ गांव स्थित बगीचा में जन नायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। जयंती समारोह के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर मौजूद थे। सर्व प्रथम कर्पूरी ठाकुर के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया गया। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष दशरथ ठाकुर ने कहा की कर्पूरी ठाकुर के विचार समाज के लिए आदर्श है। उनके बताये मार्ग पर चलने से ही हमारा समाज का कल्याण होगा। इस दौरान समाज के प्रबुद्धजनों ने समाज के लोगो से नशा पान से दूर रहने, शिक्षा पर जोर देने की बात कही। इसके पूर्व छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। भाषण के माध्यम से कर्पूरी जयंती पर अपना विचार रखा। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चो पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगो ने केंद्र सरकार के द्वारा स्व. जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने पर खुशी जाहिर की व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक स्वर में धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप ठाकुर व धन्यवाद ज्ञापन अरुण ठाकुर ने किया। मौके पर बैजनाथ ठाकुर, द्वारिका ठाकुर, निरंजन ठाकुर, भोला ठाकुर, दिनेश ठाकुर, अशोक ठाकुर, मनोज ठाकुर, कमलेश ठाकुर, संजय ठाकुर, जगमोहन ठाकुर, रिया कुमारी, रोशनी कुमारी, चुनरी कुमारी, साक्षी कुमारी, जीविका कुमारी, सुनीमा कुमारी, रवि ठाकुर, दुर्गा ठाकुर समेत समाज के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### पीवीयूएनएल ने एटे, बरवाडीह व ब्रह्मणी में 280 गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण


कंबल वितरण करते कंपनी के अधिकारी।

**चंदवा।** पतरातू विद्युत उर्जा निगम लिमिटेड पीवीयूएनएल बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा बुधवार को पड़ रही कड़ाके की ठंड के मध्य नजर एटे, बरवाडीह व सासंग में कंबल वितरण शिविर का अयोजन किया। शिविर में परियोजना के अपर महा प्रबंधक आरबी सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर) विनेश कुमार ने संयुक्त रूप से लगभग 280 गरीब, असहाय, वृद्ध व दिव्यांग जनो के बीच कंबल का वितरण किया। इस मौके पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों ने कंपनी के द्वारा प्रभावित क्षेत्र में चलायी जा रही विकास कार्यो को आमलोगो को बताया व लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के मौके पर पीवीयूएनएल के शुभांकर मंडल, आर्यपालक अबीरनाथ समेत काफी संख्या में ग्रामीण व अन्य लोग मौजूद थे।

# कार्यक्रम आयोजित कर जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनायी गयी जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की जयंती के अवसर पर नाई समाज के द्वारा बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंडप परिसर में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर ने किया। आयोजित कार्यक्रम में कपूर्री ठाकुर के चित्र पर माल्यापर्ण उन्हें नमन किया गया एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता शैलेश सिंह एवं राजद नेता सुरेश राम बालूमाथ मुखिया नरेश,लोहरा,बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष जयंत ठाकुर उपस्थित थे। मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता शैलेश सिंह ने कहा की जननायक कपूर्री ठाकुर समाज के दबे पिछड़े लोगों के हितों के लिए काम किया। आज भाजपा सरकार ने उन्हें सम्मान देते हुए भारत रत्न देने की घोषणा की है। वहीं जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर ने कहा की कपूर्री ठाकुर पिछड़े समाज के व्यक्ति को हक और अधिकार की लड़ते थे। अपने जीवन काल में कपूर्री ठाकुर इतने अहम पदों पर रहने के बाद भी उनके पास ना तो घर था ना ही कोई गाड़ी यहां तक की अपनी पैतृक जमीन भी नहीं थी राजनीति में ईमानदारी सज्जनता एवं लोकप्रियता ने कपूर्री ठाकुर को जननायक बना दिया। मौके पर बारियातु प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष कैलाश ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर, शंभू ठाकुर, त्रिवेणी साव, रामकुमार गुप्ता,शिवनाथ ठाकुर, छोटेलाल ठाकुर, अशोक ठाकुर, विजय गुप्ता, विशेष्य ठाकुर,अशोक ठाकुर, रामखेलावन ठाकुर, शिवनारायण साहू, हरि भजन, हरिचंद ठाकुर, कपिल ठाकुर, बालेश्वर ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, पंकज ठाकुर, पप्पू ठाकुर राजू ठाकुर अर्जुन ठाकुर विजय ठाकुर डोमन ठाकुर बबलू ठाकुर भोला ठाकुर, उदित ठाकुर, विवेक ठाकुर, मुकेश ठाकुर, सुधीर ठाकुर, प्रभु ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, प्रधान ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर बलदेव ठाकुर संतोष ठाकुर विकास ठाकुर, रघुनंदन ठाकुर, धर्मदेव ठाकुर, ननकू ठाकुर, दुपन ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।


मौके पर मौजूद लोग।

